कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सत्य नारायण शर्मा पुत्र स्व0 श्री रामावतार शर्मा निवारी बी–78, सोमनाथ नगर, आगरा रोड, दौसा जिला दौसा राजस्थान

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा

अपील सं0 36/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 17.07.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 22.05.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/593 दिनांक 02.07.2018 द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक द्वारा वॉछित सूचना तहसीलदार दौसा से संबंधित होने के कारण उनके पत्रांक आरटीआई/2018/471 दिनांक 24.05.2018 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6 (3) के अंतर्गत प्रा0 पत्र स्थानांतरित किया गया था। तहसीलदार दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/4412 दिनांक 13.06.2018 द्वारा आवेदक को वॉछित सूचना सीधा ही उपलब्ध करवाते हुए लोक सूचना अधिकारी को प्रति पृष्ठांकित की गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा